चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

अति आवश्यक / महत्वपूर्ण

पत्रांक : गोप0 / 384
दिनांक : 07/3/24

विज्ञप्ति

विषय : बी0एड0 सहित समस्त प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाओं के उपस्थिति पत्रक पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

प्रायः देखने में आया है कि जब परीक्षकों द्वारा प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड किये जाते हैं तो कभी–कभी जो छात्र / छात्रा उपस्थित होते हैं, के अंक अनुपस्थित छात्र / छात्रा के सम्मुख अपलोड कर दिये जाते हैं। तत्पश्चात् तदनुसार विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम भी घोषित कर दिया जाता है। वास्तव में उपस्थित छात्र / छात्रा को जब इसकी जानकारी होती है तो वह विश्वविद्यालय में अंक प्रदान किये जाने हेतु प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करते हैं अर्थात् छात्र / छात्रा को अनावश्यक ही परेशान होना पड़ता है। इस प्रकार के कार्यों से विश्वविद्यालय की छवि भी धूमिल होती है।

उक्त के दृष्टिगत दिनांक 09.02.2024 को आहूत परीक्षा समिति की बैठक के मद संख्या–08 के संकल्प में यह निर्णय लिया गया है कि **बी0एड0 सहित भविष्य में आयोजित होने वाली समस्त प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाओं के उपस्थिति पत्रक पर परीक्षार्थियों के हस्ताक्षर लिये जाय एवं इसे ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड भी किया जाय।**

तत्पश्चात अंकपर्ण की कुलसचिव प्रति विश्वविद्यालय में जमा करते समय उपस्थिति पत्रक की हार्डकापी भी जमा की जाय। प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र द्वारा अधिकृत कम्पनी से समस्त अपलोडेड soft data प्राप्त कर अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित अनुरक्षित किया जाय।

कृपया समस्त परीक्षकों तथा महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्य / प्राचार्या से अनुरोध है कि परीक्षा समिति के निर्णय का अनुपालन किये जाने का कष्ट किया जाय।

06-03-2024
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी महोदय के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. सम्बन्धित महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्य / प्राचार्या को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त संकायाध्यक्षों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. विश्वविद्यालय परिसर के समस्त विभागाध्यक्षों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. समस्त प्रभारी, प्रयोगात्मक विभाग / प्रभारी, परिसर सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. प्रभारी, वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
10. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
11. निदेशक, एन0आई0पी0एल0 / आई0टी0आई0 लि0 / मस्कॉट सॉफ्टवेब सोल्यूशन प्रा0लि0 / सॉफ्टवेब इन्फोटैक डाट कॉम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
12. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को छात्रहित में उक्त विज्ञप्ति समस्त राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने हेतु।

उप कुलसचिव (गोपनीय)